**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**27.11.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 380 का उत्तर**

**असम में विश्वनाथ चरियाली रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी के ठहराव के लिए मांग**

**380. श्री रंजीत दत्ता:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार ने असम के विश्वनाथ चरियाली शहर में विश्वनाथ चरियाली रेलवे स्टेशन पर नई दिल्ली से डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस और आनंद विहार टर्मिनल से नाहरलागुन, अरुणाचल एक्सप्रेस का ठहराव दिये जाने पर विचार किया है;**

**(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) यदि नहीं, तो इस क्षेत्र में यात्रियों की भारी मांग के बावजूद ठहराव नहीं दिये जाने के क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): वर्तमान में, विश्वनाथ चरियाली स्टेशन 08 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा हैं। 20505/20506 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस और 22411/12 आनंद विहार (टर्मिनल)-नाहरलागुन अरुणाचल एक्सप्रेस का हरमुती और रंगापारा नॉर्थ स्टेशनों पर ठहराव निर्धारित है, जहाँ से यात्री इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता आदि के अध्यधीन भारतीय रेल पर रेल सेवाओं के ठहराव का प्रावधान एक सतत् प्रक्रिया है।**

*********